189448 - वह रमज़ान में नाक की बूंदों के बिना नहीं रह सकती

प्रश्न

मैं नाक के माध्यम से एट्रोफेन की बूंदों का उपयोग करती हूँ, जिसे मैं बीस से अधिक वर्षों से रोज़े की हालत में उपयोग कर रही हूँ, क्योंकि मुझे सांस लेने में कठिनाई होती है। अब मुझे पता चला है कि उससे रोज़ा टूट जाता है। तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

विस्तृत उत्तर

सर्व प्रथम :

यदि नाक की बूंद गले तक नहीं पहुंचती है, तो उससे रोज़ा नही टूटता है। लेकिन अगर वह गले तक पहुंच जाती है, तो उससे रोज़ा टूट जाता है।

इसके बारे में प्रश्न संख्याः (93531) के उत्तर में चर्चा किया जा चुका है।

द्वितीय :

यदि यह बूंद गले तक पहुंचती है, इस रूप से कि बीमार व्यक्ति अपने गले में इसका स्वाद अनुभव करता है, और रमजान के दिन के दौरान वह उसके बिना नहीं रह सकता, और उसका कोई उपयुक्त विकल्प नहीं है, और उसकी यह बीमारी ऐसी है जिससे ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं है, तो ऐसी स्थिति में वह बूढ़े आदमी (जो रोज़ा रखने में असमर्थ है) के हुक्म में है, जिसके लिए केवल गरीबों को खाना खिलाना अनिवार्य है; क्योंकि अल्लाह सर्वशक्तिमान का कथन है :

{وَعَلَى الَّذِينَ يُطِيقُونَهُ فِدْيَةٌ طَعَامُ مِسْكِينٍ }

البقرة / 184

"और उन लोगों के लिए जो मुश्किल से रोज़ा रख सकते हैं एक मिसकीन (गरीब व्यक्ति) को खाना खिलाना है।" (सूरतुल बक़रा 2: 184]।

इब्ने क़ुदामा रहिमहुल्लाह ने कहा : ''वह बीमार व्यक्ति जिसके ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं है, वह रोज़ा नहीं रखेगा और प्रत्येक दिन के बदले एक गरीब व्यक्ति को खाना खिलाएगा; क्योंकि वह बूढ़े आदमी के हुक्म के तहत आता है।''

''अल-मुग्नी'' (4/396) से उद्धरण समाप्त हुआ।

जहाँ तक उन रोज़ों का संबंध है जो गुज़र चुके हैं, तो अल्लाह की कृपा (उदारता) से आशा की जाती है कि वह आप से उसे स्वीकार कर लेगा, और आपको कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं है, खासकर जब आप उन बूंदों का इस्तेमाल कर रही थीं तो आप इस बात से अनभिज्ञ थीं कि उनसे रोज़ा टूट जाता है। फिर यह बात भी है कि स्वयं इस हुक्म के बारे में विद्वानों के बीच मतभेद पाया जाता है।

विद्वानों के कथनों में से सही कथन यह है कि: जिस व्यक्ति ने रोज़ा तोड़ने वाली चीज़ों में से किसी चीज़ का उपयोग कर लिया जबकि वह इस बात को नहीं जानता था कि उससे रोज़ा टूट जाता है, तो उस पर कोई चीज़ अनिवार्य नहीं है।

इस बात का उल्लेख प्रश्न संख्याः (93866) के उत्तर में किया जा चुका है।

हम अल्लाह से प्रश्न करते हैं कि वह आप को तीव्र आरोग्य प्रदान करे।

और अल्लाह ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।